# किसान दुर्घटना बीमा योजना

राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना में फसली ऋणी किसानों को 27 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 6 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है।

## देय लाभ

बीमित व्यक्ति के आंख, हाथ या पैर में से किसी एक अंग की स्थायी अपंगता पर 3 लाख रुपए, किन्हीं दो अंगों की स्थाई अपंगता अथवा दुर्घटना में मृत्यु पर 6 लाख रुपए का बीमा किसान को मिलेगा।

## राजस्थान किसान दुर्घटना बीमा योजना पात्रता

- किसान क्रेडिटकार्ड धारक सदस्य, शीर्ष सहकारी बैंक, समस्त केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं पेक्स के माध्यम से ऋण प्राप्त करने वाले सभी सदस्य एवं अमानतदार।
- सहकारी बैंकों के खाताधारक भी योजना से जुड़ सकते हैं
- सहकारी बैंकों के खाताधारक सदस्यों को इस योजना का लाभ 54 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर मिलेगा।
- पीड़ित परिवार को सीधे खाते में मिलेगी बीमा राशि
- बीमा योजना का पीड़ित परिवार को तत्काल और पूरा लाभ मिले , इसको ध्यान में रखते हुए पीड़ित परिवार या व्यक्ति को राशि सीधे खाते में दी जाती है।

## राजस्थान किसान दुर्घटना बीमा योजना में ऑफलाइन आवेदन

राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना में आवेदन सहकारी समिति या केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा में किया जा सकता है।

### राजस्थान किसान दुर्घटना बीमा योजना में ऑनलाइन आवेदन

- दोस्तों किसान दुर्घटना बीमा योजना की राशि प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको यहां पर दिए गए वेबसाइट पर क्लिक करना होगा |
- वेबसाइट पर क्लिक करने के बाद आपको किसान दुर्घटना बीमा योजना एप्लीकेशन फॉर्म दिखाई देगा|
- इस एप्लीकेशन फॉर्म को डाउनलोड करें |
- इसमें आपसे जो भी जानकारी पूछी गई है ध्यान पूर्वक भरे अब सबमिट बटन पर क्लिक करें |
- इस प्रकार से आप राजस्थान किसान दुर्घटना बीमा योजना की राशि प्राप्त कर सकते हैं |